राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 126/2024

राज्यपाल ने 'कबीर जयंती' के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 21 जून, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 'कबीर जयंती' के अवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा कि कबीरदास एक संत कवि थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रेम, भाईचारा और समता की सीख दी। उन्होंने कहा कि ज्ञानाश्रयी शाखा के महान साधक कबीरदास ने भेद–बुद्धि, मतवाद व अलगाववादी प्रवृत्तियों तथा सामाजिक–धार्मिक रूढ़ियों के विरूद्ध जन–मानस में जागृति पैदा करने का प्रयास किया तथा धर्म के सार्वभौमिक सार्वत्रिक तत्व को प्रतिष्ठा दी एवं भक्ति और आन्तरिक साधना का मार्ग प्रवर्तित किया।

राज्यपाल ने बिहारवासियों से संत कबीर के जीवन–दर्शन से प्रेरणा ग्रहण कर स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है।

....